NEWS CLIPPING: 03.11.2020

THE TRIBUNE

ASSISTANT REGISTRAR GIVEN FAREWELL

Faridabad: The Staff Welfare Association of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organised a function to accord a warm farewell to Rajpal Singh, who retired from the post of assistant registrar in the academic branch of the university. Singh joined the YMCA Institute of Engineering on December 1, 1983 and rendered 37 years of continuous services at various university departments which include accounts, purchase and academic. He was given a warm farewell at a function organised in the university which was attended by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar, Registrar Dr SK Garg, faculty and staff members of the university. They wished him a healthy and prosperous post-retirement life.

The Tribune Tue, 03 November 2020 https://epaper.tribune

NEWS CLIPPING: 03.11.2020

PUNJAB KESARI

सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनोमैटिरियल्स' विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू

फरीदाबाद, 2 नवम्बर (ब्यूरो) : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के भौतिकी विभाग द्वारा 'सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनोमैटिरियल्स' विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योगों से लगभग 250 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है, जिनमें शिक्षक, वैज्ञानिक, उद्यमी तथा शोधार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और सत्र को संबोधित किया। आईआईटी दिल्ली से प्रो नीरज खरे सत्र के मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित और भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा भी उपस्थित थीं। सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. योगिता द्वारा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत डॉ. अनुराधा शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे अल्प अवधि के पाठ्यक्रम सीखने की गति को बनाये रखने में सहायक होते है। पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु में चिकित्सा से लेकर ऊर्जा संचयन तक सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रयोज्यता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पाठ्यक्रम अंत:विषय अनुसंधान में शोधार्थियों को लाभान्वित करेगा जोकि मौजूदा समय की मांग है। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. नीरज खरे ने आईआईटी, दिल्ली के भौतिकी विभाग की प्रयोगशाला में चल रही विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी की और प्रतिभागियों को अनुसंधान कार्यों के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र के अंत में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रो. व छात्र।

ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में 250 प्रतिभागी ले रहे है हिस्सा

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue,03 November 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

NEWS CLIPPING: 03.11.2020

THE PIONEER

नैनोमैटिरियल्स पर शॉर्ट कोर्स शुरू

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा 'सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनोमैटिरियल्स' विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योगों से लगभग 250 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है, जिनमें शिक्षक, वैज्ञानिक, उद्यमी तथा शोधार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया और सत्र को संबोधित किया। आईआईटी दिल्ली से प्रो. नीरज खरे सत्र के मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित और भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा भी उपस्थित थीं। सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. योगिता द्वारा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत डॉ. अनुराधा शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे अल्प अवधि के पाठ्यक्रम सीखने की गति को बनाये रखने में सहायक होते है। पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु में चिकित्सा से लेकर ऊर्जा संचयन तक सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रयोज्यता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पाठ्यक्रम अंत:विषय अनुसंधान में शोधार्थियों को लाभान्वित करेगा। जोकि मौजूदा समय की मांग है। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. नीरज खरे ने आईआईटी, दिल्ली के भौतिकी विभाग की प्रयोगशाला में चल रही विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी की और प्रतिभागियों को अनुसंधान कार्यों के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र के अंत में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



NEWS CLIPPING: 03.11.2020

HINDUSTAN

वाईएमसीए में शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किया गया

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

शुरुआत

- भौतिकी विभाग की ओर से की गई कोर्स की शुरुआत
- कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वश्िवविद्यालय, वाईएमसीए में भौतिकी विभाग की ओर से सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनोमैटिरियल्स विषय पर सोमवार को शॉर्ट टर्म कोर्स की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विभन्नि राज्यों के कॉलेजों, वश्िवविद्यालयों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योगों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया।

उन्होंने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे अल्प अवधि के पाठ्यक्रम सीखने की गति को बनाये रखने में सहायक होते है। उन्होंने पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु पर भी विचार रखे। आईआईटी दिल्ली से प्रो नीरज खरे सत्र के मुख्य वक्ता रहे। वहीं विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित और भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा शर्मा भी उपस्थित रहे। सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. योगिता ने आतिथियों का स्वागत किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने आईआईटी, दल्लिी के भौतिकी विभाग की प्रयोगशाला में चल रही विभन्नि अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी की और प्रतिभागियों को अनुसंधान कार्यों के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

NEWS CLIPPING: 03.11.2020

NAVBHARAT TIMES

यूनिवर्सिटी में नया कोर्स शुरू

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के भौतिकी विभाग की तरफ से सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनो मटीरियल्स विषय पर एक शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों के कॉलेजों, यूनिवर्सिटीज, अनुसंधान प्रयोगशालाओं व उद्योगों से लगभग 250 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें शिक्षक वैज्ञानिक, उद्यमी व शोधार्थी शामिल हैं। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, आईआईटी दिल्ली से प्रफेसर नीरज खरे, डीन प्रफेसर आशुतोष दीक्षित, डॉ. अनुराधा शर्मा आदि उपस्थित रहीं।